CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में मनाया गया कॉलेज का 13 वां फाउंडेशन डे

केक काटकर तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया फाउंडेशन डे

कैटलिस्ट कॉलेज में आज दिनांक 7 अप्रैल 2022 को कॉलेज का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया | इस अवसर पर आज कॉलेज में छात्रों के बीच केक काटकर स्थापना दिवस को सेलिब्रेट किया गया | इस अवसर पर छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए |

इस अवसर पर छात्रों के साथ 13 वर्ष की यादगार यात्रा को शेयर करते हुये निदेशक नीरज अग्रवाल ने छात्रों के साथ कॉलेज की सफलताएँ साझा की और उन्होने उम्मीद की कि आने वाले दिनों में छात्र सफलता की इसी परंपरा को कायम रखेंगे | जैसे आसमान सितारों से आच्छादित होता है वैसे ही भविष्य में तुम सभी पूरे भारतवर्ष में अपनी सफलता के साथ जगमगाओगे और संस्थान का नाम रोशन करोगे | कैटलिस्ट कॉलेज आज कई हज़ार छात्र एवं अलयुमनाइ का एक विस्तृत परिवार है जो नित नई सफलता अर्जित कर राज्य के विकास मे अपना योगदान दे रहा है |

इस अवसर पर सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने कैटलिस्ट कॉलेज के हजारों छात्रों के विप्रो, टी०सी०एस०, आई०सी०आई०सी०आई० तथा अन्य बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में प्लेसमेंट का जिक्र करते हुये कहा कि आने वाले दिनो में भी छात्र ऐसी ही सफलताएँ हासिल करते रहें – इस हेतु हम प्रयासरत हैं | यह बिहार में वोकेशनल उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों तथा अभिभावकों की पहली पसंद बन चुका है | जबकि डीन नीरज पोद्दार ने कहा कि कैटलिस्ट कॉलेज की स्थापना 13 साल पहले जिस सोच के साथ की गई थी, उस पर कैटलिस्ट कॉलेज शत प्रतिशत खरा उतरा है | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के 13 वर्षों के सफर पर एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा सभी छात्र भी मौजूद थे |

Celebrating
13th

Awareness Drive on
Autism and Organ Donation
on World Autism Awareness Day